# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना

(DEPT. OF HR & ADMINISTRATION)

**(Regd. Office:- Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)**

Contact No.: 7763817975,7763818077, email-dgmhr1015.bsptcl@gmail.com, website-www.bsptcl.in

TIN VAT NO-10011257007, TIN CST NO-10011146136, CIN-U40102 BR 202 SGC 018889


संकल्प सं0 1992 पटना/. दिनांक– 11/08/22

T-I/Alleg-56003/17

श्री अनिल प्रसाद, तत्कालीन विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्राक्कलन प्रमंडल सं0–2, भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार सम्प्रति सेवानिवृत महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना (सेवानिवृति तिथि–31.01.2017) के विरुद्ध बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना के संकल्प सं0 4246 दिनांक–20.12.2017 के साथ संलग्न अरोप प्रपत्र 'क' में निम्न आरोप लगाते हुए विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

*" श्री अनिल प्रसाद के विद्युत प्राक्कलन प्रमंडल संख्या–2, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना में विद्युत कार्यपालक अभियंता के पद पर पदस्थापन अवधि में लेपर्ड अभियान–2009 के अंतर्गत सुपौल जिला मुख्यालय में 16 कोर्ट भवन के विद्युतीकरण कार्य हेतु कुल तकनीकी स्वीकृत राशि रु0 37,64,006/– के विरुद्ध अनियमित रुप से अनुज्ञेय सीमा से अधिक कुल राशि रु0 50,71,577/– व्यय करने के लिए श्री प्रसाद उत्तरदायी पाये गये है।'*

उक्त मामले में श्री गौतम कुमार चौबे तदेन मुख्य अभियन्ता(परियोजना) बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को जॉच पदाधिकारी नियुक्त किया गया। जॉच पदाधिकारी ने अपने पत्रांक–50 दिनांक–10.05.18 एवं पत्रांक–231 दिनांक–25.06.18 द्वारा जॉच प्रतिवेदन समर्पित किया। उक्त प्रतिवेदन में जॉच पदाधिकारी द्वारा मंतब्य दिया गया कि भवन निर्माण विभाग से विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्राक्कलन संख्या–02, भवन निर्माण विभाग द्वारा लेपर्ड अभियान 2009 के अन्तर्गत सुपौल जिला मुख्यालय में 16 (सोलह) कोर्ट भवन में कुल वास्तविक व्यय की राशि की विवरणी प्राप्त कर ली जाय ताकि इस मामले में सही जानकारी प्राप्त हो सके। इसके उपरांत ही श्री अनिल प्रसाद द्वारा प्रस्तुत किए गए वास्तविक व्यय की राशि रू0 29,58,605/– को सत्यापित किया जा सकता है एवं श्री अनिल प्रसाद पर लगे आरोपो पर किसी निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है। पुनः इस कार्यालय के पत्रांक–1979 दिनांक–25.06.19 द्वारा जाँच पदाधिकारी से श्री अनिल प्रसाद पर लगाए आरोप के संबंध में जाँच कार्य पूरा कर स्पष्ट मंतव्य की मांग की गई। इस पत्र के आलोक में पत्रांक–235 दिनांक–28.06.19 द्वारा जाँच पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि श्री अनिल प्रसाद पर लगाया गया आरोप सही प्रतीत नही होते है।

जाँच पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से असहमत होते हुए सक्षम प्राधिकार द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा निर्गत किए जाने का निर्णय लिया गया । तदनुसार श्री प्रसाद से इस कार्यालय के संकल्प संख्या–2528 दिनांक–25.07.19 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा पूछा गया। श्री प्रसाद द्वारा दिनांक–31.08.19 को द्वितीय कारण पृच्छा का जबाव समर्पित किया गया ।

श्री प्रसाद द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा में उल्लेख किया गया है कि भवन निर्माण विभाग के विद्युत प्राक्कलन प्रमण्डल सं0–02 में दिनांक–31.03.12 तक (उनके पदस्थापन अवधि तक) कुल रू0 50,71,577/– (पचास लाख इकहत्तर हजार पॉच सौ सतहत्तर) रू0 16 कोर्ट भवन सुपौल के विद्युतीकरण हेतु आवंटन प्राप्त किया गया था, जिसमें से कुल रू0 29,58,605/– रू0 खर्च किए गए। शेष राशि 21,12,972/–रूपये विद्युत प्राक्लन प्रमण्डल संख्या–02, भवन निर्माण विभाग, पटना के खाते में जमा है। इसकी सम्पुष्टि भवन निर्माण विभाग, पटना से कराया गया और श्री प्रसाद द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा में उल्लेखित तथ्य को सही पाया गया।

अतएव सक्षम प्राधिकार द्वारा बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना के संकल्प सं0 4246 दिनांक–20.12.2017 में श्री अनिल प्रसाद, तत्कालीन विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्राक्कलन प्रमंडल सं0–2, भवन निर्माण विभाग, बिहार सम्प्रति सेवानिवृत महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना (सेवानिवृति तिथि–31.01.2017) के विरुद्ध लगाए गए आरोप से आरोपमुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की हस्ताक्षरित प्रति श्री अनिल प्रसाद, तत्कालीन विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्राक्कलन प्रमंडल सं0–2, भवन निर्माण विभाग, बिहार सम्प्रति सेवानिवृत महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना (सेवानिवृति तिथि–31.01.2017) को प्रेषित किया जाए।**

**आदेशानुसार**
ह0/–

**(राधा मोहन प्रसाद)**
महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)

ज्ञापांक ..............................................................................पटना/ दिनांक..............................................

प्रतिलिपिः– श्री अनिल प्रसाद, तत्कालीन विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्राक्कलन प्रमंडल सं0–2, भवन निर्माण विभाग, बिहार सम्प्रति सेवानिवृत महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना (सेवानिवृति तिथि–31.01.2017) पता– A-1/402, कोकिला कम्पलेक्स, उतरी श्रीकृष्णपुरी,पटना –800023 को को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
**(राधा मोहन प्रसाद)**
महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0

ज्ञापांक ..............................................................................पटना/ दिनांक..............................................

प्रतिलिपिः–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान आप्तसचिव/निदेशक प्रशासन के प्रधान आप्तसचिव, बिहारस्टेटपावर (होल्डिंग)कंपनी लि0/प्रबंध निदेशक के विशेषकार्यपदाधिकारी, साउथ बिहार पावर डि0 कं0 लि0/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, नॉर्थबिहारपावर डि0 कं0 लि0/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर जेनेरेशन कंपनी लि0/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लि0 पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
**(राधा मोहन प्रसाद)**
महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)

ज्ञापांक ..........1993..........पटना/ दिनांक..........11/08/22..........

प्रतिलिपिः—सभी महाप्रबंधक—सह—मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना/ मुजफ्फरपुर/ भागलपुर/ महाप्रबंधक (वित्त एवंलेखा)/उपमहाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)/सभी उपमहाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, सभी संचरण अचंल/ सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, सभी संचरण प्रमंडल/सभी सहायक कार्यपालक अभियंता, सभी संचरण अवर प्रमंडल/जी0 एस0 एस0/सभी वरीय प्रबंधक (वित्त एवंलेखा)/डाटा बेस एडमिनिस्टिेटर/सभी लेखा पदाधिकारी/सूचनार्थ प्रेषित।

2. डाटाबेस एडमिनिस्टिेटर, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लि0 पटना से अनुरोध हैकि इसे कंपनी के बेवसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

11/8

(राधा मोहन प्रसाद )
महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)